<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)</u>

नीट पेपर लीक मामले में एनटीए की ओर से दायर याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। अभ्यर्थियों ने नीट यूजी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर अलग–अलग राज्यों में याचिकाएं दायर की हैं। एनटीए ने इन सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की है, ताकि सभी याचिकाओं की सुनवाई एक जगह हो सके।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने घोषणा की है कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सीयूइटी–यूजी के प्रभावित विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 19 जुलाई को कंप्यूटर आधारित होगी। पेश है एक रिपोर्ट–

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री से हेमंत सोरेन की यह पहली मुलाकात है। हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर प्रधानमंत्री के साथ फोटो शेयर की है। पीएमओ की ओर से भी मुख्यमंत्री की इस मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल बनारस में थे। यहां काशी विश्वनाथ मंदिर में उन्होंने पत्नी कल्पना संग पूजा–अर्चना की थी। इससे पूर्व हेमंत सोरेन ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी।

****

राजधानी रांची में कल रात बारातियों से खचाखच भरी एक बस बिजली तार के संपर्क में आ गई। इससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे बारातियों को रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि यह बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से राजधानी रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू जा रही थी।

****

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में चलाये जा रहे संपूर्णता अभियान के तहत रामगढ़ जिले के छतरमांडु में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिले के उपायुक्त चंदन कुमार ने किया। मौके पर उप विकास आयुक्त सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उपायुक्त संपूर्णता अभियान के उदेश्यों की जानकारी दी और अभियान की सफलता के लिए सबसे सहयोग की अपील की।

****

रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार ने जिले के वैसे लाभुकों के राशन कार्ड रद्द करने का निर्देश दिया है, जो इसकी योग्यता नहीं रखते हैं। उन्होंने ऐसे फर्जी लाभुकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने और जुर्माना वसूलते हुए कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। वे आज जिला आपूर्ति कार्यालय के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने खाद्यान्न की रखरखाव और जिन किसानों से धान की अधिप्राप्ति की गयी है, उन्हें तत्काल भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आधार और मोबाइल सीडिंग का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश भी दिया।

****

चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में आम उत्सव बागवानी मेले का आयोजन किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राज्य में आज फिर कई जगहों पर भारी बारिश और वज्रपात का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून टर्फ राजस्थान, उत्तर प्रदेश व बिहार होते हुए रांची से गुजर रहा है। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जिसका असर झारखंड में दिख रहा है। अगले दो–तीन दिनों तक इसका असर रहने का अनुमान है। मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि आज रांची सहित कई स्थानों पर भारी बारिश के साथ वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

******समाप्त********